# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार



**अमित कुमार पाण्डेय,** ***भा.प्र.से.***
कार्यपालक निदेशक


**आदेश सं॰:** SHSB/GA/HR/8173/2024/……..  पटना, **दिनांकः** ...... / ..... / **2026**

## –:आदेश:–

विज्ञापन संख्या–04 / 2025 के तहत प्रतीक्षा सूची से चयनित अभ्यर्थियों को आदेश ज्ञापांक–1330 एवं 1331 दिनांक 05.06.2026 के द्वारा क्रमशः Medical Officer-Full Time (NUHM) एवं 2nd Medical Officer (NUHM) के संविदागत पदों पर नियोजित करते हुए विभिन्न जिलों के स्वास्थ्य संस्थान में पदस्थापित किया गया था। उक्त आदेश में दिनांक 15.06.2026 तक योगदान करने हेतु अभ्यर्थियों को निदेशित किया गया था।

कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न कारणों के आधार पर योगदान करने तथा बॉण्ड एवं एकरारनामा सम्पन्न कराने की तिथि को विस्तारित करने हेतु अनुरोध आवेदन समर्पित किये गये है, जिसपर सम्यक् विचारोपरांत राज्य में चिकित्सकों की आवश्यकता के दृष्टिगत वैसे सभी अभ्यर्थी, जिनके द्वारा किन्हीं कारणों से उक्त निर्धारित तिथि तक योगदान नहीं दिया है, को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए योगदान करने तथा बॉण्ड एवं एकरारनामा सम्पन्न करने की तिथि को **दिनांक 10 जुलाई, 2026 तक** विस्तारित किया जाता है। उक्त तिथि तक योगदान नहीं देने की स्थिति में अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता समाप्त समझी जाएगी।

उक्त पदस्थापन आदेशों की शेष शर्तें एवं निर्देश यथावत रहेंगी।

ह० / –
**(अमित कुमार पाण्डेय)**

***ज्ञापांकः*** *SHSB/GA/HR/8173/2024/*1814  पटना, ***दिनांकः*** 01 / 07 / ***2026***

**प्रतिलिपिः** सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।

**प्रतिलिपिः** सभी संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त / जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जि॰स्वा॰समिति / क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार / अधीक्षक, चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल / निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना / सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जि॰स्वा॰समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** प्रशासी पदाधिकारी–सह–प्रभारी, मा॰सं॰ / अपर निदेशक, वित्त / राज्य कार्यक्रम प्रबंधक / राज्य शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक (NUHM), राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** सिस्टम एनालिस्ट–सह–डाटा ऑफिसर, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं समिति के अधिकृत वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। यह आदेश राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के अधिकृत वेबसाईट **shs.bihar.gov.in** पर देखा एवं डाउनलोड कर व्यवहार में लाया जा सकता है।

1/7/2026
**कार्यपालक निदेशक**